**नगर निगम, शाहजहॉपुर।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 20.08.2020**

**स्वच्छ सर्वेक्षण–2020 में नगर निगम,शाहजहॉपुर को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार नगर आयुक्त महोदय द्वारा इस राष्ट्रीय पुरस्कार को शहीदो की नगरी शाहजहॉपुर के समस्त नगरवासियो को समर्पित किया।**

**स्वच्छ सर्वेक्षण–2020 में नगर निगम,शाहजहॉपुर को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार, नगर आयुक्त महोदय द्वारा शहर के नागरिको के साथ–साथ नगर निगम के सफाई कर्मचारी,सहायक सफाई नायक,सफाई नायक एवं खाद्य निरीक्षक तथा समस्त नगर निगम के कर्मचारीगण एवं अधिकारीगण को बधाई दी गयी। नगर निगम में मनाया गया जश्न और बॉटी गयी मिठाईयॉ।**

नगर निगम–शाहजहॉपुर अपनी जनसंख्या का 86 प्रतिशत से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करते हुये स्वच्छ सर्वेक्षण–2020 में सिटीजन फीड बैक श्रेणी में पूरे भारत वर्ष में प्रथम स्थान पर रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण–2020 की प्रतियोगिता 28 दिन चली जिसमें 1 करोड़ 87 लाख नागरिको ने भाग लिया। इसमें 4242 नगरीय निकाय ,62 कैन्टोमेन्ट बोर्ड तथा 92 गंगा टाउन के मध्य प्रतियोगिता हुई। माननीय मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से स्वच्छ सर्वेक्षण–2020 में उ0प्र0 सर्वाधिक पुरस्कार जीतने वाला प्रदेश बना। नगर निगम की इस कामयाबी का श्रेय नगर निगम के कर्मचारियो एवं अधिकारियो के साथ–साथ शाहजहॉपुर के नगर नागरिको तथा स्थानीय विधायक एवं प्रदेश वित्त संसदीय कार्य एवं चिकित्सा /शिक्षा मंत्री मा0 श्री सुरेश कुमार खन्ना जी को जाता है। तत्कालीन नगर विकास मंत्री रहते हुये मा0 श्री सुरेश कुमार खन्ना जी के नेतृत्व में जनपद शाहजहॉपुर में स्वच्छता के विभिन्न आयोजन हुये जिसमें स्वच्छता अभियान के प्रति लोगो को जागरूक किया गया। मा0 मंत्री जी की प्रेरणा से वार्ड स्तर से जनपद की स्वच्छ वातारण प्रोत्साहन समितियॉ सुचारू रूप से कियाशील रही तथा जनजागरूकता का कार्य व्यापक स्तर पर हो सका। नगर निगम,शाहजहॉपुर द्वारा मा0 मंत्री जी के निर्देशन एवं प्रेरणा से नागरिको को जागरूक करने के लिये स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता एवं भव्य रैलियो का आयोजन भी कराया गया। नगर निगम की इस कामयाबी का श्रेय नगर निगम के कर्मचारियो एवं अधिकारियो के साथ–साथ शाहजहॉपुर के नगर नागरिको तथा स्थानीय विधायक एवं प्रदेश वित्त संसदीय कार्य एवं चिकित्सा /शिक्षा मंत्री मा0 श्री सुरेश कुमार खन्ना जी को जाता है। तत्कालीन नगर विकास मंत्री रहते हुये मा0 श्री सुरेश कुमार खन्ना जी के नेतृत्व में जनपद शाहजहॉपुर में स्वच्छता के विभिन्न आयोजन हुये जिसमें स्वच्छता अभियान के प्रति लोगो को जागरूक किया गया। मा0 मंत्री जी की प्रेरणा से वार्ड स्तर से जनपद की स्वच्छ वातारण प्रोत्साहन समितियॉ सुचारू रूप से कियाशील रही तथा जनजागरूकता का कार्य व्यापक स्तर पर हो सका। नगर निगम,शाहजहॉपुर द्वारा मा0 मंत्री जी के निर्देशन एवं प्रेरणा से नागरिको को जागरूक करने के लिये स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता एवं भव्य रैलियो का आयोजन भी कराया गया। शाहजहॉपुर को राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार प्राप्त होने पर यहॉ के लोगो में हर्ष माहौल है। जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय एवं नगर आयुक्त महोदय द्वारा निरतंर मार्गदर्शन देने, उत्साहबर्धन करने के लिये मा0 मंत्री जी एवं स्वच्छाग्रही का आभार व्यक्त किया गया तथा स्वच्छता समिति के सदस्यो तथा स्वच्छता संयोजक श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव एवं श्री अग्निशेखर शुक्ला जी तथा शाहजहॉपुर नगर के निवासियो को इस उपलब्धि के लिये बधाई दी गयी एवं उनके सहयोग के लिये धन्यवाद् दिया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा इस राष्ट्रीय पुरस्कार को शहीदो की नगरी शाहजहॉपुर के समस्त नगरवासियो को समर्पित किया।

पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम सजीव प्रसारण हुआ जिसको पूरे नगर निगम के अधिकारियो एवं कर्मचारियो द्वारा देखा गया । श्री आशुतोष कुमार दुबे उप नगर आयुक्त द्वारा आज नगर निगम कार्यालय में सफाई कर्मियो को मिठाई खिलाकर एवं फूल मालाये पहनाकर सम्मानित किया गया एवं सभी सफाई कर्मी,सहायक सफाई नायक,सफाई नायक तथा सफाई एवं खाद्य निरीक्षको एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी को बधाई दी गयी। इस कार्यक्रम में श्रीमती रश्मि भारती सहायक नगर आयुक्त, श्री अंगद गुप्ता सहायक नगर आयुक्त,श्री वी0एन0 द्विवेदी महाप्रबन्धक (जल) श्री पी0के0सिंह सहायक अभियन्ता (जल), श्री पवन कुमार, श्री राजमंगल, श्री चन्द्रवीर सागर, श्री सुनील शाक्य, श्री हरवंश दीक्षित,समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री विनय प्रताप सिंह, जिला समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन,श्री सैफ सिददीकी,डी0पी0एम0 एस0बी0एम0, नगर निगम के कर्मचारी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। कोविड संकमण से प्रभावित होने के कारण डा0 इंदू अजनवी आज कार्यकम में उपस्थित नही हो पाये। डा0 कवि इन्दू अजनबी को उनकी रचना स्वच्छता गीत के माध्यम से स्वच्छता अभियान में योगदान के लिये बधाई दी गयी।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर
20/8/2020

Generated by CamScanner